दैनिक भास्कर
चित्तौड़गढ़ भास्कर 28-06-2025

# ब्लैकबक ने जीता इन हाउस फुटबॉल टूर्नामेंट

चित्तौड़गढ़ | हिन्दुस्तान ज़िंक चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर द्वारा ज़िंक नगर में आयोजित इन-हाउस फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे सीजन में ब्लेकबक की टीम विजेता रही। फाइनल मुकाबला ब्लेकबक और मेवाड़ एफसी के बीच खेला गया, जिसमें ब्लेकब्बक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7-1 से फाइनल मैच जीता। दस दिनों तक चले इस आयोजन में कर्मचारियों ने भाग लिया। कुल 11 टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिनमें प्रत्येक टीम में 7 पुरुष और 2 महिला कर्मचारी शामिल थे। फाइनल मुकाबले से पहले मैनेजमेंट टीम और यूनियन टीम के बीच फ्रेंडली एग्जीबिशन मैच भी आयोजित किया गया, जिसमें मैनेजमेंट टीम ने 5-1 से जीत हासिल की। टूर्नामेंट में हिन्दुस्तान ज़िंक डिप्टी सीईओ स्मेल्टर्स मानस त्यागी, एचआरहेड अनुप कुमार और डिप्टी एचआरहेड ममता शर्मा ने खिलाड़ियों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रणजीत सिंह भाटी, पुष्पेंद्र मीणा, रिपन घोष, बालचंद पाटीदार, दिलीप सिंह उपस्थित रहे। ऑर्गेनाइजर विजय राव, इंद्रजीत सिंह भाटी, अपूर्वा त्रिवेदी ने भूमिका निभाई।